प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 24.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश बन गए है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई।

......

शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 1962 में हरियाणा के हिसार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1984 में हिसार जिला न्यायालय से अपने कानूनी करियर की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट की ओर रूख किया। वे संवैधानिक, सेवा और दीवानी मामलों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कई विश्वविद्यालयों, बोर्डों, निगमों, बैंकों और उच्च न्यायालय का भी प्रतिनिधित्व किया।

0000

केन्द्र सरकार की ओर से श्रम संहिता में हाल ही किये गये सुधारों का देशभर में स्वागत किया जा रहा है। इनसे करीब 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जा सकेगा। इससे देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा। कोटपूतली के श्रमिक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इन सुधारों से लाखों गिगवर्कस और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को फायदा होगा। इनके लिए सामाजिक सुरक्षा निधि का भी प्रावधान किया गया है।

.....

0000

राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। मुख्य सचिव बनने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

0000

राज्य में शेखावाटी क्षेत्र और आसपास के जिलों में न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किये जा रहे हैं। शेष अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान औसतन 10 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज किये जा रहे है। सीकर, चूरू, नागौर सहित कुछ स्थानों पर शीतलहर का प्रभाव है। वहीं अलवर, जयपुर दौसा, बीकानेर, हनुमानगढ, जैसलमेर और श्रीगंगानगर और अन्य जिलों में धुंध का असर देखने को मिल रहा है। इससे धूप की तेजी भी कम महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज 12 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से कम रहा। सबसे कम 5 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान फतेहपुर शेखावाटी में रहा। 27 नवम्बर से राज्य में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से कुछ भागों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं बूंदाबांदी के आसार है।

0000

राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक नया **हेल्पलाइन नंबर– 14490** शुरू किया है। आयोग ने एक वक्तव्य में बताया कि ये टोल फ्री नम्बर संकटग्रस्त महिलाओं के लिए त्वरित और सुलभ सहायता सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है। इसके माध्यम से हिंसा, उत्पीडन या किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना कर रही महिलाएं बिना किसी देरी के सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

0000

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–केआईयूजी के पांचवे संस्करण का आगाज आज राजधानी जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में होगा। प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले इन गेम्स में देशभर के पांच हजार से अधिक खिलाडी शामिल होंगे। 23 खेल स्पर्धाओं वाले इस आयोजन में पहली बार केनोइंग, कयाकिंग, साईक्लिंग और बीच वॉलीबॉल तथा प्रदर्शन खेल के रूप में खो खो को शामिल किया गया है। इस बहु खेल आयोजन के उद्घाटन समारोह में खेल भावना और कौशल के साथ राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और प्रदेश के खेल मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड भी मौजूद रहेंगे।

0000